उपचार | जर्मनी के विश्वविख्यात सीटीओ विशेषज्ञ डॉ. जेराल्ड वर्नर का जबलपुर में किया गया स्वागत

# जटिल हृदय रोगियों का किया सफल उपचार



**नवभारत,जबलपुर।** गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में आयोजित प्रदेश के प्रथम उन्नत सीटीओ (क्रॉनिक टोटल ऑक्लूज़न) प्रशिक्षण एवं उपचार सम्मेलन में जर्मनी के विश्वविख्यात इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एवं सीटीओ विशेषज्ञ प्रो. डॉ. जेराल्ड वर्नर के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया।जर्मनी से जबलपुर पहुंचे प्रो. डॉ. जेराल्ड वर्नर का गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल ने आत्मीय स्वागत कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों ने भी उनका अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर सहित विदर्भ क्षेत्र के नागपुर एवं अन्य शहरों से बड़ी संख्या में हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) जबलपुर पहुंचे। सभी विशेषज्ञों ने ष्ट्ञ्जह्र जैसी जटिल हृदय धमनियों की रुकावटों के उपचार में उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं

गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में सीटीओ मरीजों का सफल उपचार किया गया। इन मरीजों की हृदय धमनियां लंबे समय से पूर्ण रूप से अवरुद्ध थीं, जिनका उपचार सामान्य एंजियोप्लास्टी अथवा बायपास सर्जरी से अत्यंत चुनौतीपूर्ण माना जाता है। प्रो. डॉ. जेराल्ड वर्नर एवं डॉ. पुष्पराज पटेल के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने उन्नत तकनीकों का उपयोग करते हुए सफल प्रक्रियाएं संपन्न कीं।

### देश-विदेश के विशेषज्ञ हुए शामिल

सम्मेलन के शैक्षणिक सत्र एवं वैज्ञानिक चर्चाएं अशोका होटल, जबलपुर में आयोजित की गईं, जहां देश-विदेश के विशेषज्ञों ने सीटीओ उपचार की आधुनिक तकनीकों, जटिल मामलों के प्रबंधन तथा नवीन शोध विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. के. एल. उमा महेश्वर, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. हर्षा रेड्डी, डॉ. अनिमेश गुप्ता, डॉ. वी. डी. त्रिपाठी, डॉ. वंदना माली, डॉ. क्षितिज, डॉ. अमित किनारे, डॉ. सुदीप चौधरी, डॉ. सुनील जैन, डॉ अंजनेय मिश्रा, डॉ. राहुल अशोकराव दारनुले एवं डॉ. सचिन गवंडे सहित अनेक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। यह सम्मेलन चिकित्सा शिक्षा, कौशल विकास एवं उन्नत हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में जबलपुर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# रेत से लदे दो डंपर, एक ट्रैक्टर समेत 80 ट्रॉली रेत का भंडारण पकड़ाया

**राजस्व और खनिज विभाग पुलिस की संयुक्त कार्यवाही**



**जबलपुर।** राजस्व, खनिज एवं पुलिस ने कटंगी और पाटन तहसील में अलग-अलग संयुक्त कार्यवाहियों को अंजाम दिया। इस दौरान रेत का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर और दो डंपर जप्त किये गये हैं, वहीं 80 ट्रॉली रेत का अवैध भंडारण भी पकड़ा गया है।

जानकारी के मुताबिक एसडीएम पाटन मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में राजस्व व खनिज अमले ने पाटन अनुभाग के अंतर्गत कटंगी एवं पाटन तहसील में हिरन नदी से क्षेत्रों और मुख्य सड़क मार्ग का छापेमारी की ।इस दौरान जहां ग्राम कटंगी में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर एक ट्रैक्टर को मौके पर ही जप्त कर थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखवाया गया। वहीं, नुनसर टोल गेट के पास अवैध रेत परिवहन में लिप्त पाये जाने पर दो डंपर जप्त किये गये। इनमें से एक डंपर को बिना टीपी के रेत का परिवहन करते पाये जाने पर और दूसरे डंपर को ओवरलोडिंग के कारण जप्त किया गया है। जप्त किये गये दोनों डंपर को नुनसर पुलिस चौकी के सुपुर्द कर कर दिया गया है।

### 240 घन मीटर का भंडार मिला

पाटन अनुभाग के अंतर्गत खनिज और राजस्व अमले द्वारा एक और बड़ी कार्यवाही कर ग्राम मड़वा और पिपरिया में करीब 80 ट्रॉली (240 घन मीटर) अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत को जप्त किया गया । इन कार्यवाहियों में एसडीएम पाटन मानवेंद्र सिंह के साथ तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी, नायब तहसीलदार जय सिंग धुर्वे, नायब तहसीलदार रश्मि चौधरी, खनिज निरीक्षक विवेकानंद यादव सहित राजस्व, पुलिस एवं खनिज अमला शामिल था। एसडीएम पाटन मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि रेत के अवैध उत्खनन परिवहन और भंडारण के मामलों में प्रकरण दर्ज कर खनिज विभाग के माध्यम से कलेक्टर न्यायालय को वैधानिक कार्यवाही के भेजा जा रहा है।

# 20 लाख का बीमा कराने वाली कंपनी को दिया जाए ठेका

**तकनीकी कर्मचारी संघ ने लिखा ऊर्जा मंत्री को पत्र**

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग है कि प्रदेश की बिजली कंपनियों में लगभग 45000 से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विद्युत कंपनियों के प्रबंध संचालकों ने इन आउटसोर्स कर्मियों के लिए आज तक कोई भी मानव संसाधन नीति नहीं बनाई, जिससे कर्मी एवं उसके परिवार का जीवन सुरक्षित हो सके। प्रदेश की 56 जिलों में हर दिन करंट का जोखिमपूर्ण कार्य करते आउटसोर्स कर्मी अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाता है और अनेक मामलों में उसकी मौत भी हो जाती है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि सभी प्रबंध संचालकों को निर्देशित करें कि जो ठेका कंपनी आउटसोर्स कर्मी का 20 लाख का जीवन बीमा एवं कैशलेस स्वास्थ्य बीमा कराये उसे ही मैनपावर का नया ठेका दिया जाये।

संघ के एसके मौर्य, केएन लोखंडे, एसके शाक्य, दशरथ शर्मा, शशि उपाध्याय, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, विनोद दास, लखन सिंह राजपूत, राजेश शरण, जानकी प्रसाद त्रिपाठी, संदीप दीपांकर, किशोर, जगदीश मेहरा, अमित मेहरा आदि ने ऊर्जा मंत्री से शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की है।

# 308 कृषकों से हुई 5 .8 लाख की अवैध उगाही, खरीदी केन्द्र प्रभारी समेत सात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**गेहूं उपार्जन केंद्र पर हुई 22,362 क्विंटल गेहूं की खरीदी में हुआ घोटाला**



**नवभारत, जबलपुर।** सिहोरा थाना अन्तर्गत देवाश्री ग्राम संगठन गोसलपुर केन्द्र क्रमांक-1 उपार्जन केन्द्र नर्मदा इंटरप्राईजेज में समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए 308 किसानों के साथ नियमों को ताक पर रखकर अवैध वसूली की गई है। खरीदी केंद्र प्रभारी और वहां कार्यरत कर्मचारियों ने मिलकर प्रत्येक किसान से 20 प्रति क्विंटल के हिसाब से पैसे ऐंठे। इसके अलावा, हर किसान से 200 की अतिरिक्त राशि जबरन वसूली गई। किसानों से कुल 5,08,840 की अवैध उगाही की गई। केंद्र पर अब तक कुल 308 कृषकों से 22,362 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। अनियमितता के साथ घोटाले का खुलासे के बाद खरीदी केन्द्र प्रभारी समेत सात के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके साथ ही अब गड़बड़झाला करने वालो से घपले की राशि वसूलने की तैयारी शुरू हो चुकी है।

### वीडियो वायरल, छापेमारी में मिली हेराफेरी

अनियमितता और हेराफेरी से जुड़ा वीडियो वायरल होने के बाद तहसील सिहोरा अन्तर्गत देवाश्री ग्राम संगठन गोसलपुर केन्द्र क्रमांक-01 उपार्जन केन्द्र नर्मदा इंटरप्राईजेज के गौरहा स्थित गोदाम में प्रशासनिक टीम ने छापेमारी की थी। जांच के दौरान भारी हेराफेरी के साथ अनियमिततायें मिली।

### ये बने आरोपी

पुलिस ने खरीदी के न्द्र प्रभारी आरती रजक पति उमा रजक समेत नीलम रजक पति वीरेन्द्र कुमार रजक, ज्योति बर्मन पिता मुकेश वर्मन, शिखा कोरी पति सूरज कोरी, तुलाई कोरी, आनंद पटेल, अंकित उपाध्याय पिता मुकेश कुमार, अमर चौधरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

### गड़बड़झाला कर ऐसी की अवैध वसूली

जांच में पाया गया कि खरीदी केन्द्र प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा कुछ किसानों से बारदाने में गेहूं की भराई एवं तुलाई की राशि अवैध रूप से 8 रूपये प्रति बोरी एवं कुछ किसानों से राशि 10 रूपये प्रति बोरी उपार्जन केन्द्र पर कार्यरत लेबर को भुगतान कराया गया। अतिरिक्त किसानों से सिंलाई की राशि 100 रूपये एवं तौल पर्ची बनाने की राशि 100 रूपये अवैध रूप से किसान से वसूली किया गया। उपार्जन केन्द्र में कार्यरत सर्वेयरों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है, खरीदी सर्वेयर उपार्जन केन्द्र में गेहूं लाने वाले किसानों के ढेर का परीक्षण करने के उपरान्त तत्काल पोर्टल पर सर्वेयर एप्प के माध्यम से गेहू को एफएक्यू नहीं करते हुए भराई, तुलाई, सिंलाई के उपरान्त फीडिंग के समय गेहूं को एफएक्यू किया गया। सर्वेयरों के द्वारा किसानों से राशि वसूली के लिए अनावश्यक दबाव डाला गया। कुल 308 कृषकों से 22362 क्विटल गेहूं खरीदा जा चुका है। जिसके संबंधित कृषकों से उक्त 20 रूपये क्विटल के साथ-साथ 200 रूपये प्रति कृषक के मान से कुल अवैध वसूली राशि लगभग 5,08,840 रूपये है जो, कि संस्था से भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूली किया जाना है।

**एक नजर में**



### जिला न्यायालय परिसर में चेकिंग के दौरान चाकू के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर।** जिला न्यायालय परिसर में सुरक्षा चेकिंग के दौरान एक युवक धारदार चाकू के साथ अंदर घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। मुख्य गेट पर तैनात पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों दबोच लिया। ओमती ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। जानकारी अनुसार बाबू सोनकर निवासी घमापुर, का न्यायालय परिसर में पेशी के लिए पहुंचा। चेकिंग के दौरान उसके पास से चाकू मिला। यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी चेकिंग के दौरान कई बदमाशों से चाकू पकड़े जा चुके हैं। सुरक्षाकर्मियों द्वारा कोर्ट परिसर के गेट से अब तक कुल 9 चाकू जब्त किए जा चुके हैं।



### अतिक्रमण हटाने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, नवभारत।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ द्वारा बुधवार को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को ज्ञापन सौंपकर कछपुरा एवं आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने एवं मेहता पेट्रोल पंप के पास सिग्नल लगाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने की मांग की गई है। इस दौरान धनंजय बाजपेई, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, रितेश पांडे, विवेक कोहली, आनंद मोहन शर्मा, यदुवंश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### शताब्दीपुरम में सजा था जुआ फड़, तीन धराए

**जबलपुर।** लार्डगंज पुलिस ने शताब्दीपुरम में सजे जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई करते हुए तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर नगदी जब्त की है। टीआई नवल सिंह आर्य ने बताया कि बिजली खम्बे के नीचे आम रोड जेडीए कालोनी शताब्दीपुरम में ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे जुआडियों मल्लू कोल निवासी बड़ी उखरी विजयनगर, प्रभू चड़ार निवासी उपरैनगंज कोतवाली, अंकुर गुप्ता निवासी होटल साई कृपा आगा चौक को घेराबंदी कर दबोचा गया ।जुआड़ियों के पास व फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 3 हजार 300 रूपये जप्त किए गए।

# लोन चेक करने के बहाने महिलाओं का अंगूठा लगवाया, खातों से निकाले 7 .35 लाख

**बैंक के दो फील्ड ऑफिसर ने किया गबन, शहपुर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**



**नवभारत, जबलपुर।** भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड की शहपुरा शाखा में बैंक के ही दो संगम मैनेजरों (फील्ड ऑफिसर) ने गबन करते हुए ग्रामीण महिलाओं से लोन चेक करने के बहाने उनका अंगूठा लगवाया और उनके खातों से 7.35 लाख रुपए पार कर दिए। शहपुरा पुलिस ने मामले में ब्रांच मैनेजर की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि राजा यादव भारत फाइनेंशियल इनक्लूजन लिमिटेड की ब्राँच शहपुरा में ब्राँच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी के संगम मैनेजर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समूह लोन देने व उनकी किश्तों के कलेक्शन का कार्य करते हैं। उसकी ब्रांच में संगम मैनेजर के पद पर कार्यरत दीपक गौंड, निवासी हरदुआ, सिंगोरगढ़, जवेरा, जिला दमोह एवं मोतीलाल यादव, निवासी ग्राम जमुनिया, चिखली पडरई, वुजुर्ग, जिला सागर का काम ग्रामीण व शहरी महिलाओं को समूह लोन बांटना और किश्तें वसूलना था। दोनों ने अपने पद का फायदा उठाकर महिलाओं को झांसा दिया कि वे उनकी किश्तें और प्री-पेमेंट बैंक में जमा करा देंगे। इसके बाद, आपका लोन पास हुआ है या नहीं, यह चेक करना है कहकर आरोपियों ने महिलाओं से बायोमैट्रिक मशीन पर अंगूठा लगवाया। अंगूठा लगते ही उन्होंने महिलाओं के खातों से लोन की रकम निकाल ली और बैंक या महिलाओं को बताए बिना खुद रख ली। जांच के बाद सामने आया कि दोनों फील्ड अफसरों ने बैंक और गरीब महिलाओं को कुल 7,35,460 का चूना लगाया है। दीपक गौंड ने 4,71,514 का गबन किया। मोतीलाल यादव ने 2,63,946 का गबन किया। जब ब्रांच मैनेजर राजा यादव को इस धोखाधड़ी की भनक लगी, तो उन्होंने दोनों से संपर्क कर पैसे लौटाने को कहा। इस पर आरोपियों ने सुधरने के बजाय हेकड़ी दिखाई और कहा, हम पैसे नहीं लौटाएंगे, तुम्हें जिस थाने में शिकायत करनी है कर दो। इसके बाद से ही दोनों आरोपी मोबाइल बंद कर फरार हैं।



# टैंकर से 50 लीटर पेट्रोल, 85 लीटर डीजल चुराया

**पुलिस का छापा : ड्राइवर समेत दो गिरफ्तार**

**नवभारत, जबलपुर।** पडुआ में टैंकर से धड़ल्ले से पेट्रोल, डीजल चुराया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही क्राइम ब्रांच व भेड़ाघाट पुलिस ने छापेमारी कर दी। 50 लीटर पेट्रोल व 85 लीटर डीजल चुराने वाले ड्राइवर समेत दो को रंगे हाथों धरदबोचा।

टीआई कमलेश चौरिया ने बताया कि पडुआ में पुलिस ने दबिश दी जहां इंडियन आईल कम्पनी का टैंकर क्रमांक एमपी 13 जेड जे 0908 खडा मिला । टैंकर के उपर राजेश यादव 35 वर्ष निवासी सिरमौर जिला रीवा का चढकर ढक्कन खोलकर डीजल, पैट्रोल निकालते दिखा जबकि नीचे खड़े होकर मुकेश सेन 34 वर्ष निवासी सुहागी अधारताल का चुंगी, गैलनो में भर रहा था। दोनों को घेराबंदी कर पकडा गया । पूछताछ पर राजेश यादव ने बताया कि वह उक्त टैंकर का ड्राईवर है, उक्त टैंकर में भिटौनी शहपुरा से 10 हजार लीटर पैट्रोल एवं 4 हजार लीटर डीजल भरवाकर स्वरूप आटो मोबाईल राईट टाउन रानीताल चौक आई.यू.सी. पैट्रोल पंप रवाना हुआ था रास्ते में पैट्रोल डीजल चोरी करने की नीयत से ग्राम पडुआ पहुंचकर अपने साथी मुकेश सेन के साथ मिलकर मुन्ना पटेल के घर के पीछे ले गया था। डीजल पैट्रोल को मुकेश सेन ने कुप्पी चुंगी की मदद से 5 गैलनो में से 2 गैलनो मे 50 लीटर पट्रोल व 3 गैलनो में 85 लीटर डीजल निकाले। पुलिस ने मौके से टैंकर क्रमांक एमपी 20 जेड जे 0908 एवं चुराये हुये पैट्रोल एवं डीजल से भरे हुये पांच गैलन , दो चुंगी, टैंकर के ढक्कन मे लगने वाले चार रिपिट, रिपिट खोलने की मशीन, सटक, हथौडी, पेचकस, तीन बाल्टी मग्घा, दो मोबाईल, टैंकर की चाबियां, आदि जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया ।

फर्जीवाड़ा | पीड़ित भाई-बहन ने लगाई न्याय की गुहार

# फर्जीवाड़ा कर साढ़े चार लाख का लिया लोन



**जबलपुर।** सक्रिय चिटलर गिरोह ने भाई-बहन को शिकार बनाया। फर्जीवाड़ा कर उनके नाम से साढ़े चार लाख रूपए का न केवल लोन उठाया बल्कि गाड़ी भी फाइनेंस करवा ली। पीड़ित भाई-बहन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है ।

जानकारी के अनुसार शिल्पा शुक्ला निवासी हाउसिंग बोर्ड कांचघर कॉलोनी की भाई मनोज शुक्ला के साथ रहती है दोनों दिव्यांग पेंशन पर जीवन यापन करते हैं। पिन्टू उर्फ आशीष तिवारी, रितु उर्फ रूपा तिवारी, जयराम उर्फ जिया हुसैन, नीलम झारिया , राजेश दुबे , मनोज बड़गैया , ओम प्रकाश बेन, मुकेश पाण्डेय ने खुद को कलेक्टर कार्यालय का अधिकारी व कथित पत्रकार बताकर पीड़ितों से जनसुनवाई में काम कराने के नाम पर लगभग 25,000 रुपये नगद ऐंठे। इस दौरान आधार, बैंक पासबुक, चेक बुक, पेन कार्ड हड़प लिए। आरोपियों द्वारा पीड़ितों से लोन दिलाने के नाम पर कई चेक प्राप्त कर लिए जिससे पिता के मृत्यु के उपरांत शिल्पा को मिलने वाली पेंशन से आरोपियों द्वारा चेक पर फर्जी साइन करके पेंशन की रकम प्रतिमाह निकाल लेते हैं। जब उ न्होंने मामले की शिकायत की तो इंदिरा मार्केट के पास शिल्पा को धमकाया गया । इसके बाद पीड़ित भाई-बहन मानव अधिकार क्रांति संगठन के पदाधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने आपबीती सुनाई। इस दौरान यह भी आरोप लगाए गए कि उनके नाम से साढ़े 4 लाख का लोन निकाल लिया गया है और गाड़ी भी फाइनेंस कर ली गई है और ब्लैंक चेक ले लिए गए हैं उनकी जो पेंशन आती है वह खाते से पैसे निकाल लिए गए है। एएसपी ने आश्वासन दिया है की जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

### काम करवाने के नाम पर दस हजार हड़पे

चिटलर गिरोह लंबे समय से सक्रिय है और कईयों को शिकार बना चुका है। विदित हो कि मनोज कुमार शुक्ला पिता स्व. संतोष कुमार शुक्ला निवासी कांचघर कॉलोनी ने भी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की थी कि दो महिने पहले वे कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई में पहुंचे जहां उनकी मुलाकात नीलम झारिया, कथित पत्रकार और राजेश दुबे से से हुई जिन्होने रितु उर्फ रूपा तिवारी एवं कथित पत्रकार एवं उसका भाई पिन्टू आशीष तिवारी से मुलाकात करवाई तब रितु तिवारी ने कहा कि हम कलेक्ट्रेट कार्यालय के ऑफिसर है यहाँ जो भी जन सुनवाई में आता है हम उसके कार्य करवाते है इसके लिये 10,000 रूपये उससे लिए थे।



# सेंट अन्थोनी का महापर्व शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** सेंट अन्थोनी का महापर्व जबलपुर के महागिरजाघर में शुरू हुआ। आज से जबलपुर के सबसे प्राचीन एव महागिरजाघर सेंट पीटर एंड पॉल चर्च में सबसे प्रसिद्ध संतो में से एक सेंट अन्थोनी का 13 दिन चलने वाला महापर्व प्रारंभ हुया। इस मौके पर पवित्र मिस्सा बलिदान जबलपुर डायसिस के प्रमुख डॉ फादर डेविस जॉर्ज , भूतपूर्व बिशप जेरॉल्ड अलमिडा एवेंम सहपल्ली पुरोहित जॉन सुरेंद्र भी उपस्थित रहे।.